## एक नजर में

### मूर्ति निर्माताओं और गणेशोत्सव व दुर्गा उत्सव आयोजकों की बैठक

**खण्डवा ।** आगामी वर्ष में गणेशोत्सव एवं दुर्गा उत्सव के दौरान प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूतियों के निर्माण एवं उपयोग पर सख्ती से प्रतिबंध रहेगा। इस सम्बंध में चर्चा हेतु मूर्ति निर्माताओं तथा गणेशोत्सव एवं दुर्गा उत्सव सम्बंधी कार्यक्रमों के आयोजकों के साथ बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में 11 दिसम्बर को दोपहर 2 :30 बजे से आयोजित की गई है। सिटी मजिस्ट्रेट बजरंग बहादुर ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर ऋषव गुप्ता करेंगे।

### लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया

**खण्डवा ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली व माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार 13 दिसम्बर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, खण्डवा के अध्यक्ष व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ममता जैन ने प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर जिला न्यायालय परिसर से रवाना किया। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय योगराज उपाध्याय,व विशेष न्यायाधीश उत्सव चतुर्वेदी व जिला न्यायाधीश अनिल चौधरी सहित अन्य न्यायाधीशगण,लीगल एड डिफेंस काउंसिल, विद्युत विभाग के अधिकारी व कर्मचारीगण,पैरालीगल वालंटियर्स भी मौजूद थे।

### विधायक पटेल की अध्यक्षता में रोगी कल्याण समिति की बैठक



**मूंदी।** मांधाता विधायक व अध्यक्ष रोगी कल्याण समिति नारायण पटेल की अध्यक्षता में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मूंदी में रोगी कल्याण समिति की साधारण सभा की बैठक की गई। बैठक में एम्बुलेंस शुल्क, टीन शेड निर्माण, ओपीडी व दवाई वितरण एक कक्ष में करने, फ्लोर टाइल्स, विद्युत मरम्मत, सीसीटीसी कैमरा बढ़ोत्तरी,पेयजल,स्टेशनरी,कंप्यूटर प्रिंटर व्यवस्था,व्यावसायिक दुकानों का निर्माण, अस्पताल परिसर में ट्यूबवेल, अस्पताल की अन्य मरम्मत व्यवस्थाएं कराने के लिए चर्चा की गई। इस दौरान नगर परिषद अध्यक्ष ज्योतिबाला राठौर, उपाध्यक्ष राजनारायण मंडलोई,सांसद प्रतिनिधि चंद्रभान राठौर,स्वास्थ्य समिति की सभापति जागृति मालवीय,रोगी कल्याण समिति के सदस्य छगनलाल जैन, आत्माराम साध, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ओ. पी. जुगतावत, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रविंद्र मंडलोई, डॉ. शांता तिर्की व स्टाफ मौजूद थे।

### दियानतपूरा में ग्रामीणों ने श्रमदान कर 'बोरी बंधान' बनाया




**खण्डवा ।** खण्डवा जिले में कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देशन में ''मिशन अमृत संचय'' अभियान के तहत जल संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य किए जा रहे हैं। इसके तहत नदी नालों में बहते पानी को रोककर आसपास के क्षेत्र का जलस्तर बढ़ाने के उद्देश्य से गांव-गांव में बोरीबंधान संरचनाएं बनाई जा रही हैं। इसी क्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के नेतृत्व में मंगलवार को पुनासा विकासखंड के ग्राम दियानतपुरा में गांव के बाहर अटूटखास मार्ग पर स्थित नाले पर ग्रामीणों ने श्रमदान कर बोरी बंधान संरचना निर्मित की। कार्यक्रम का सफल आयोजन नवांकुर संस्था सम्यक सेवा संस्थान एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति, दियानतपूरा के सहयोग से किया गया। इस अवसर पर पुनासा के ब्लॉक समन्वयक मोहन जाट ने कहा कि जल संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। जन सहयोग के बिना जल स्रोतों का रख-रखाव और भविष्य के लिए जल संचय संभव नहीं। प्रत्येक नागरिक को जल बचाने के प्रति जागरूक होना चाहिए। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था सम्यक सेवा संस्थान के अध्यक्ष त्रिलोक घाटे एवं उपाध्यक्ष नरेंद्र घाटे, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति से रामलाल भावस्कर,परामर्शदाता सचिन मंसारे, ग्रामीणजन तथा सीएम सीएलडीपी कोर्स के बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू के छात्र और स्थानीय ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### कलेक्टर खंडवा के फैसले का नाविक चालकों ने स्वागत किया



**ओंकारेश्वर।** तीर्थ नगरी में नाविक संघ के अनेक पुराने नाविक चालकों को नगर परिषद ओंकारेश्वर के द्वारा नोका संचालन हेतु लाइसेंस न मिलने के कारण अनेक वर्षों से नर्मदा नदी में नाव संचालन करने वाले परिवारों को भारी विकट समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि यह नाविक विगत अनेक वर्षों से यहां के निवासी होने के बावजूद इनके पास नौका संचालित लाइसेंस होने के बाद भी नगर परिषद के द्वारा इन्हें लाइसेंस नहीं दिए जा रहे हैं जिसको लेकर पीड़ित नाविक जिला कलेक्टर कार्यालय खंडवा पहुंचे। जहां कलेक्टर के द्वारा शीघ्र ही इन्हें लाइसेंस प्रदान किए जाने की अनुशंसा नगर परिषद मुख्य कार्यपालन अधिकारी मोनिका पारदी को जिला कलेक्टर खंडवा के द्वारा दूरभाष पर दी गई। जिसको लेकर पीड़ित नविको के चेहरे पर वर्षों बाद मुस्कान लौट आई जिला कलेक्टर खंडवा के फैसले का सभी पीड़ित नाविक गणों ने स्वागत किया।

### प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस में 'मीट द ऑथर' कार्यक्रम में विशेष व्याख्यान देंगे प्रो विकास शर्मा

**खंडवा।** प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस,श्री नीलकण्ठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खण्डवा में 11दिसंबर को चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष तथा अंग्रेजी साहित्य के प्रसिद्ध उपन्यासकार प्रो विकास शर्मा महाविद्यालय में 'मीट द आथर' कार्यक्रम के मुख्य वक्ता के रूप में आ रहे हैं। देखनी है कि प्रोफेसर विकास शर्मा के भ्राता डॉ कुमार विश्वास भी ख्यातिलब्ध साहित्यकार हैं। कार्यक्रम प्रभारी प्रो सीमा शुक्ला ने बताया कि संस्था प्राचार्य डॉ सोमपाल सिंह के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के एक बड़े साहित्यकार का महाविद्यालय में आना गौरव का विषय है। वे विद्यार्थियों को साहित्य के मर्म से अवगत करवाते हुए रचना संसार की बारीकियों से विद्यार्थियों का परिचय करवाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य संयोजक का उत्तरदायित्व डॉ विनय जैन निभा रहे हैं तथा सहायक डॉ दिव्या त्रिवेदी है।

# खंडवा में बटालियन खुले इसको लेकर संभावनाएं बड़ी आईजी,डीआईजी,एसपी ने आंबटित भूमि का किया निरीक्षण

नवभारत न्यूज

**खंडवा। इच्छा शक्ति से ही कार्यों को सफलता मिलती है, किसी भी कार्य के लिए किया गया परिश्रम व्यर्थ नहीं जाता,इन दिनों जिला मुख्यालय खंडवा में निमाड़ संभाग घोषित होकर इसके मुख्यालय के साथ ही महत्वपूर्ण रूप से खंडवा में बटालियन खुले इसको लेकर माहौल बना हुआ है और चर्चा में भी है। शासन प्रशासन के साथ ही राजनैतिक स्तर पर भी दोनों बिंदुओं पर मंथन जारी है।**

समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा में बटालियन खुलने के अच्छे संकेत को लेकर बुधवार को प्रातः 9 :00 बजे प्रदेश पुलिस महकमें के आईजी अनुराग, डीआईजी सिद्धार्थ बहुगुणा, पुलिस अधीक्षक मनोज राय,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेंद्र तारणेकर, श्री रघुवंशी के साथ जिला मुख्यालय की टीम पुलिस टीम प्रस्तावित बटालियन स्थल की भूमि पर पहुंचे और बारीकी से इस भूमिका सर्वे किया।

पत्रकारों से चर्चा के दौरान आईजी अनुराग ने कहा कि बटालियन को लेकर यह मेरा दौरा नहीं है खंडवा बुरहानपुर के प्रवास पर आया था। इस अवसर सुरगांव निपानी की भूमि का भी अवलोकन कर लिया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि खंडवा जिले की सांप्रदायिक पृष्ठभूमि सर्व विदित है विगत वर्षों में खंडवा शहर में प्रतिबंधित संगठन सीमा की सक्रियता संबंधी तथ्य प्रकाश में आए थे, वर्ष 2001 से 2013 तक सिमी संबंधी 21 अपराध पंजीकृत किया जाकर 30 को गिरफ्तार भी किया था।



जिला मुख्यालय खंडवा में सांप्रदायिक तनाव के अतिरिक्त जुलूस पर्व त्योहारों के दौरान कानून व्यवस्था ड्युटिया निरंतर जारी रहती है और अतिरिक्त बल भी बुलाना पड़ता हैं। खंडवा जिले में प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग तीर्थ के साथ ही संत सिंगाजी समाधि स्थल,दादाजी धोने वाले का धाम, बिजली की आपूर्ति के लिए इंदिरा सागर परियोजना,ओंकारेश्वर परियोजना के साथ दादाजी थर्मल पावर पर्यटन की दृष्टि से किशोर दा की जन्मस्थली,हनुमंतिया टापू, सैलानी टापू के साथ अन्य पर्यटक स्थल भी है। ओंकारेश्वर तीर्थस्थली में भी लगातार विकास कार्य किये जा रहे हैं। साथ ही देश की सबसे बड़ी आदि शंकराचार्य की 108 फीट ऊंची अष्टधातु की प्रतिमा के निर्माण के साथ सिंहस्थ की दृष्टि से ओंकारेश्वर में करोडो रुपए के विकास कार्य भी किए जा रहे हैं। सुनील जैन ने बताया कि इन सब बिंदुओं को लेकर शासन द्वारा वर्ष 2018 में खंडवा में बटालियन को लेकर प्रस्ताव पास किया था और इसकी तैयारी को लेकर भूमि से लेकर अन्य कागजात तत्कालीन संभाग आयुक्त इंदौर, पुलिस आईजी डीआईजी के साथ ही तत्कालीन जिला कलेक्टर अभिषेक सिंह एवं पुलिस अधीक्षक नवनीत भसीन की ओर से बटालियन को लेकर खंडवा में भूमि देखी गई थी और खंडवा के समीप नागचुन के पास सुरगांव बंजारी में लगभग 100 एकड़ शासकीय भूमि शासकीय रूप से बटालियन हेतु मध्य प्रदेश पुलिस भोपाल के नाम दर्ज की गई।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि शीतकालीन विधानसभा सत्र के दौरान खंडवा बटालियन को लेकर खंडवा विधायक कंचन मुकेश तंवे ने खंडवा में बटालियन खुले को लेकर अपने प्रश्न पर चर्चा की थी।

जिसका समर्थन संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के साथ ही मंत्री कुंवर विजय शाह द्वारा किया गया था। इस पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने संबंधित विभाग के मंत्री को गंभीरता से इस पर विचार करने के निर्देश दिए थे। बुधवार को आईजी, डी आई जी, पुलिस अधीक्षक के संयुक्त दौरे के बाद खंडवा में बटालियन की संभावना बढ़ रही है।

## गले में फंसे घड़ी के सेल को ऑपरेशन से निकाला और बचाई बच्चे की जान



नवभारत न्यूज

**खण्डवा। बुरहानपुर निवासी कृष्णा पिता रामेश्वर उम्र 10 वर्ष ने खेल-खेल में घड़ी का सेल निगल लिया, जो उसके गले के निचले हिस्से में फंस गया जिससे उसे बेचैनी, दर्द और सांस लेने में तकलीफ होने लगी और वह बेहोश हो गया। माता-पिता घबराकर उसे तुरंत खण्डवा के जिला अस्पताल सह शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय ले आए।**

यहां नाक कान गला रोग विभाग में बच्चे का एक्स-रे किया गया, तो पता चला कि घड़ी का एक सेल आहार नली के निचले भाग में फंस गया है। नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुनील बाजोलिया एवं उनकी टीम ने दूरबीन पद्धति से सफलता पूर्वक ऑपरेशन कर कृष्णा के गले से सेल को बाहर निकाला।

डॉ. सुनील बाजोलिया ने बताया कि बैटरी में मौजूद रसायन शरीर के ऊतकों को गला सकता था, जिससे बच्चे की जान को खतरा हो सकता था। इस तरह जिला अस्पताल के डॉक्टर्स की टीम ने सही समय पर जटिल ऑपरेशन कर बच्चे की जान बचाई। बच्चा कृष्णा अब पूरी तरह से स्वस्थ है और अस्पताल से डिस्चार्ज होकर घर पर स्वास्थ्य लाभ ले रहा है। बच्चे के पिता रामेश्वर जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज की टीम का बार बार आभार प्रकट करते हैं।

## अवैध परिवहन करने वाले तस्करों से गोवंश जब्त

**थाना पंधाना को गोवंश एवं पाड़े तस्करो को पकडने मे मिली सफलता**

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के द्वारा अवैध गोवंश ले जाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए थे,जिसके पालन में थाना प्रभारी पंधाना निरीक्षक दिलीप देवड़ा के नेतृत्व में थाना स्टाफ को विश्वसनीय सूत्रो से सूचना मिली कि पंधाना क्षेत्र बोरगाँव से बुरहानपुर की तरफ गोवंशो को पिकअप वाहन से अवैध रूप से गौवंश एवं पाड़े क्रूरता पूर्वक भर कर ले जा रहे है।

इस सूचना पर कार्यवाही करते हुए चौकी बोरगाँव थाना पंधाना पुलिस के द्वारा अपराध क्रमांक 474/2025 धारा 4,6,9 गोवंश प्रतिषेध अधिनियम एवं 11(1)(घ) पशु क्रूरता निवा. अधि. तथा अपराध क्रमांक 475/2025 धारा 11(1)(घ) ,11(1)(च) पशु क्रूरता निवा. अधि. का अपराध कायम किया गया7 पिकअप वाहन चालकों के कब्जे से कुल 03 नग पिकअप वाहनो सहित 02 नग गोवंश बैल एवं 15 पाडे कुल कीमती करीबन 08 लाख रुपए के जप्त कर पुलिस कब्जे मे लिया गया।

आरोपी रामकृष्णा पिता कंडवाजी कुशवाह उम्र 28 साल निवासी कोलाडीट, फारूख पिता कय्युम शेख उम्र 30 साल निवासी मोघट थाने के पीछे खंडवा, गोलू कुरेशी पिता मजीद कुरेशी उम्र 28 साल निवासी कुरेशी मुहल्ला थाना पंधाना को गिरफतार कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

### सराहनीय भूमिका

निरीक्षक दिलीप देवड़ा, सउनि सपन बाजपेई, सउनि विरेन्द्र बिसेन व स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही है।

### वाहन चालकों से 34000/-रुपए वसूल किए

**खंडवा।** विशेष अभियान के तहत जिला खंडवा मे समस्त थाना प्रभारियों द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध बिना नंबर प्लेट, तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीटबेल्ट न लगाने वाले, तेज गति, बिना एचएस आरपी, बिना वैध बीमा वाले वाहनों तथा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 79 वाहन चालकों के विरुद्ध एम.व्ही. एक्ट के तहत कार्रवाई की गई एवं समन शुल्क 34000/-रुपए वसूल किए गए है। थाना धनगांव के आरोपी राजा उर्फ महेन्द्र ठाकुर पिता जसवंतसिह ठाकुर उम्र 40 वर्ष निवासी बखरगांव के कब्जे से अवैध लोहे की तलवार कीमती 500/-रुपए की जप्त कि गई। अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना पंधाना के आरोपी चंदरसिंह उर्फ चंदन पिता भंगडा भीलाला उम्र 52 साल ग्राम अस्तरिया के कब्जे से 10 लीटर कच्ची हाथ भट्टी महुआ शराब कीमती 1000/-रूपए की जप्त किया गई। पिपलोद के आरोपी प्रदीप राठौर पिता हरी राठौर जाति तेली उम्र 39 साल निवासी ग्राम माताबेडी के कब्जे से 4 क्वार्टर एम.डी.,3 क्वार्टर ब्लू शराब, 02 क्वार्टर आफिसर चोईस,4 क्वार्टर ओल्ड मंक, कुल 13 क्वार्टर व कुल 10 बोतल बियर मात्रा करीब 12 लीटर कीमती 4270/-रूपए की जप्त की गई। उपरोक्त दोनों आरोपियों के विरुद्ध धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

### कमिश्नर डॉ. खाड़े ने तहसील एवं एसडीएम कार्यालय खंडवा का निरीक्षण किया

**खण्डवा।** सम्भागायुक्त इन्दौर सम्भाग डॉ.सुदाम खाड़े ने बुधवार को एसडीएम कार्यालय खण्डवा का निरीक्षण किया। उन्होंने एसडीएम ऋषि कुमार सिंघई को राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम कार्यालय के निरीक्षण के दौरान भू-अर्जन एवं डायवर्सन से सम्बंधित जानकारी भी ली। कमिश्नर डॉ. खाड़े ने तहसील न्यायालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने तहसीलदार से नामांतरण, बंटवारे और सीमांकन के लंबित मामलों के सम्बंध में जानकारी ली, और निर्देश दिए कि नामांतरण, बंटवारे और सीमांकन के लंबित मामलों का शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा में निराकरण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि जाति प्रमाण-पत्र के लिए लंबित आवेदनों का भी निर्धारित समय सीमा में निराकरण किया जाए। इस दौरान कलेक्टर ऋषव गुप्ता भी मौजूद थे।

### कमिश्नर डॉ. खाड़े ने जनपद एवं जिला पंचायत कार्यालय का निरीक्षण किया

**खण्डवा।** सम्भागायुक्त इन्दौर सम्भाग डॉ. सुदाम खाड़े ने बुधवार को जनपद पंचायत एवं जिला पंचायत कार्यालय खण्डवा का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतों की आय बढ़ाने के लिए जल कर एवं सम्पत्ति कर सहित अन्य करों की वसूली पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि स्कूलों में मध्यान्ह भोजन योजना के तहत निर्धारित मेनू का पालन आवश्यक रूप से किया जाए। कमिश्नर डॉ. खाड़े ने निरीक्षण के दौरान रोजगार गारंटी योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के सम्बंध में भी जानकारी ली और निर्देश दिए कि इन योजनाओं से सम्बंधित निर्माण कार्यों में गति लाएं और उनकी गुणवत्ता भी सुनिश्चित करें। उन्होंने ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत महिला स्व सहायता समूहों को आरसेटी के माध्यम से रोजगार मेला प्रशिक्षण दिलाकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के सम्बंध में भी निर्देश दिए। कमिश्नर डॉ. खाड़े ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिए कि जनपद पंचायत की समितियों की बैठक नियमित रूप से आयोजित की जाएं। कलेक्टर ऋषव गुप्ता, जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा, अपर कलेक्टर सृष्टि देशमुख गौड़ा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।



## महिलाओं में एनीमिया के संबंध में स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया



नवभारत न्यूज

**खण्डवा । गर्भवती एवं धात्री महिलाओं में एनिमिया के प्रबंधन के संबंध में मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में प्रशिक्षण दिया गया।**

इस प्रशिक्षण में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि सभी स्वास्थ्य कार्यकर्ता अपने अपने गांव में गर्भवती महिलाओं व स्तनपान कराने वाली महिलाओं के सम्पर्क में रहें और उन्हें कुपोषण के सम्बंध में मार्गदर्शन नियमित रूप से दें, ताकि मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके।

इस दौरान मेडिकल कॉलेज भोपाल व ग्वालियर के मास्टर ट्रेनर्स ने बताया कि गर्भवती महिलाओं में एनीमिया होने पर महिला को स्वास्थ्य संस्था में आयरन सुक्रोज चढ़ाया जाए।

जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.डी. बकोरिया ने इस अवसर पर बताया कि गर्भवति महिलाओं को आयरन फोलिक एसिड एवं कैल्शियम की गोली दी जाकर उनका नियमित रुप से फॉलोअप करें, ताकि महिलाएं हाईरिस्क की श्रेणी में न आयें। डॉ. बकोरिया ने इस दौरान समझाइश दी कि हाईरिस्क गर्भवति महिलाओं को प्रसव के सात दिन पूर्व बर्थ वेटिंग रुम में भर्ती करवायें, ताकि मातृ व शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके।

## अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज

**खण्डवा। लायन्स क्लब खण्डवा एवं लियो क्लब खण्डवा द्वारा अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस (10 दिसम्बर 2025) विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के साथ मनाया गया।**

लायन्स क्लब अध्यक्ष आशा उपाध्याय, सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष पवन लाड़ तथा लियो क्लब अध्यक्ष सुमित परिहार, सचिव अभिषु शर्मा, कोषाध्यक्ष केतन वर्मा के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय परिसर में रोजमर्रा के मानव अधिकार विषय पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का संचालन म प्र मानव अधिकार आयोग के पूर्व जिला संयोजक नारायण बाहेती ने किया। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में वक्ता के रूप में समाजसेवी मोना दफ्तरी, आयोग के जिला सदस्य सुरेंद्रसिंह सोलंकी सहित अन्य वक्ताओं ने 2025 की थीम रोजमर्रा के मानव अधिकार विषय पर जानकारी देते हुए जीवन,समानता, गरिमा, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, अभिव्यक्ति, कार्य, गोपनीयता, न्याय तथा सामाजिक सुरक्षा जैसे रोजमर्रा के 12 मानव अधिकारों पर सरल भाषा में जानकारी दी।




नारायण बाहेती ने विषय से सम्बंधित जानकारी देते हुए कहाकि यदि हमारे अधिकारों का हनन होता है तो हम म प्र मानव अधिकार आयोग में आवेदन कर सकते हैं। मोना दफ्तरी ने कहाकि हमे अपने अधिकारों के साथ अपने कर्तव्यों का भी ध्यान रखना आवश्यक है। हमारी वजह से अन्य किसी के अधिकारों का हनन न हो। रोजमर्रा के मानव अधिकार सुनिश्चित करते है कि हर इंसान गरिमा,सुरक्षा और समानता के साथ जीवन जी सके। अध्यक्ष आशा उपाध्याय ने स्वागत उदबोधन देते हुए रोजमर्रा के मानवाधिकार पर अपने विचार व्यक्त किया।

इस अवसर पर लायन्स क्लब व लियो क्लब द्वारा जरूरतमंद परिवारों को ऊनी वस्त्र वितरित किए गए तथा सभी को अन्न के महत्व से अवगत कराते हुए भोजन कराया गया। कार्यक्रम में गांधी प्रसाद गदले, बी. आर. तिरोले, सुनील जैन, उमाशंकर उपाध्याय, अपूर्व उपाध्याय, मंगला चोरे, विजय सोनी सहित क्लब सदस्यों ने सहयोग व मार्गदर्शन प्रदान किया। आभार सुरेंद्रसिंह सोलंकी द्वारा व्यक्त किया गया।

## 80 असामाजिक तत्वों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले के विभिन्न थानों 80 असामाजिक तत्वों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत 63 प्रकरणों मे 76 अनावेदकों के विरुद्ध, धारा 170 बीएनएसएस के तहत 02 प्रकरणों मे 04 अनावेदकों के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। जिले में 07 अनावेदकों के विरुद्ध बाउंड ओवर की कार्रवाई की गई है।




पुलिस अधीक्षक खंडवा मनोज कुमार राय के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) राजेश रघुवंशी व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) महेंद्र तारणेकर के मार्गदर्शन में 09 गिरफ्तारी, 02 स्थाई, 32 जमानती वारंट, 62 समन जिले के विभिन्न थानो के द्वारा अलग-अलग न्यायालय के तामील किये गए।

**खेल प्रतियोगिता** — बालिका वर्ग में प्रथम इंदौर संभाग द्वितीय जनजातीय कार्य विभाग तृतीय नर्मदापुरम संभाग स्थान पर रहे

# राज्य स्तरीय 69वी पिट्टू खेल प्रतियोगिता का समापन

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** लोक शिक्षण संचनालय एवं स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के निर्देशानुसार अंडर 19 आयु वर्ग की 69 वी में राज्य स्तरीय तीन दिवसीय पिट्ठू खेल प्रतियोगिता का समापन श्री रायचन्द नागड़ा उत्कृष्ट स्कूल मैदान खण्डवा में 10 दिसम्बर को हुआ।

समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जनजाति कार्य विभाग सहित 9 संभागों की टीम के 108 बालक,108 बालिकाओं सहित 50 से अधिक कोच मैनेजर ऑफिशियल्स ने भाग लिया। जिसमें बालक वर्ग में प्रथम नर्मदापुरम संभाग,द्वितीय जनजातीय कार्य विभाग,तृतीय इंदौर संभाग एवं बालिका वर्ग में प्रथम इंदौर संभाग द्वितीय जनजातीय कार्य विभाग तृतीय नर्मदापुरम संभाग स्थान पर रहे। समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला शिक्षा अधिकारी पी एस सोलंकी एवं विशेष अतिथि के रूप में रमसा प्रभारी संगीता सोनवणे, सुनील जैन,खेल पर्यवेक्षक गोपाल चौधरी लोकशिक्षण संचालनालय भोपाल के प्रतिनिधि,



विकासखंड शिक्षा अधिकारी कविता वर्मा,जयेश पाटीदार, सुरभि शर्मा, प्राचार्य ज्योत्स्ना सोनी, रुबिया खान, और भूपेंद्र सिंह चौहान थे। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रतिभागी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि संस्कार रहित शिक्षा सर्वांगीण विकास में बाधक है ,विद्या के साथ संस्कार प्राप्त करना आवश्यक है एवं शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए शिक्षा के साथ खेल भी जरूरी है। वर्तमान में शिक्षा के साथ ही खेल कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में भी उन्नति के पर्याप्त अवसर हैं।

सुनील जैन ने बताया कि अतिथियों का स्वागत जिला क्रीड़ा अधिकारी पुष्पदंत डोंगरे,सहायक क्रीड़ा अधिकारी शैलेंद्र सिंह चौहान ,साक्षरता प्रभारी प्रशांत दीक्षित एवं विभिन्न संस्थाओं के व्यायाम शिक्षकों ने किया। प्रतियोगिता में सम्मिलित सभी ऑफिशियल्स,टीम मैनेजर व आयोजन की विभिन्न समितियों के सदस्यों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया व खिलाड़ियों को ट्रॉफी, मेडल व प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा दिये गए। अंत मे जिला शिक्षा अधिकारी श्री सोलंकी ने ध्वज अवरोहण कर आगामी प्रतियोगिता के लिए ध्वज जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री डोंगरे को सौपा। कार्यक्रम का संचालन संदीप जोशी ने किया एवं आभार पी. डी. डोंगरे ने माना।